## बहुविकल्पीय प्रश्न

निम्नलिखित प्रश्नों को पढ़कर सही विकल्पों का चुनाव कीजिए।

**1. 'जब उसका हाथ उठता ही रहा तो एक दिन मास्टर साहब ने उसे टोक दिया'।** **CBSE 2023**
**रचना के आधार पर उपयुक्त वाक्य का भेद बताइए।**

(क) सरल वाक्य (ख) संयुक्त वाक्य
(ग) मिश्र वाक्य (घ) विधानवाचक वाक्य

**2. वामीरो कुछ सचेत हुई और घर की तरफ़ दौड़ी। इस संयुक्त वाक्य को परिवर्तित करने पर सरल वाक्य होगा** **CBSE SQP Term I 2021**

(क) जैसे ही वामीरो सचेत हुई वैसे ही वह घर की तरफ दौड़ी।
(ख) वामीरो कुछ सचेत हुई और वह घर की तरफ दौड़ी।
(ग) वामीरो कुछ सचेत होने पर घर की तरफ़ दौड़ी।
(घ) सचेत वामीरो हुई तथा घर की तरफ दौड़ी।

**3. निम्नलिखित में से उपयुक्त सरल वाक्य छाँटकर लिखिए** **CBSE 2024**

(क) गायन इतना प्रभावी था कि वह अपनी सुध-बुध खोने लगा।
(ख) लहरों के एक प्रबल वेग ने उसकी तंद्रा भंग की।
(ग) लोग मुसीबत में उसे स्मरण करते और वह वहाँ पहुँच जाता।
(घ) जो सभ्यता जितनी पुरानी होती है उसके किस्से ज्यादा सुनने को मिलते हैं।

**4. 'निकोबारियों का विश्वास है कि प्राचीन काल में ये दोनों द्वीप एक ही थे।' रचना के आधार पर वाक्य भेद है** **CBSE 2024**

(क) सरल वाक्य (ख) संयुक्त वाक्य
(ग) मिश्र वाक्य (घ) साधारण वाक्य

**5. चार बजकर चौबीस मिनट पर सुभाष बाबू जुलुस लेकर आए। इस वाक्य का मिश्र वाक्य में रूपांतरित वाक्य कौन-सा है?** **CBSE 2023**

(क) चार बजकर चौबीस मिनट हुए और सुभाष बाबू जुलुस लेकर आए
(ख) चार बजकर चौबीस मिनट होते ही सुभाष बाबू जुलुस लेकर आए
(ग) जब चार बजकर चौबीस मिनट हुए तब सुभाष बाबू जुलुस लेकर आए
(घ) चार बजकर चौबीस मिनट हो गए थे, इसलिए सुभाष बाबू जुलुस लेकर आ

**6. निम्नलिखित में से उपयुक्त सरल वाक्य छाँटिए** **CBSE SQP 2021**

(क) जो कहोगे उसका परिणाम तो भुगतना ही पड़ेगा।
(ख) नूह ने जब उनकी बात सुनी तो दुखी हो मुद्दत तक रोते रहे।
(ग) दूसरे गाँव के युवक के साथ संबंध परंपरा के विरुद्ध था।
(घ) मैं उनकी लताड़ सुनता और आँसू बहाने लगता।

**7. 'संसार की रचना भले ही कैसे ही हुई हो लेकिन धरती किसी एक की नहीं है।' रचना के आधार पर वाक्य-भेद है** **CBSE SQP (Additional Set) 2023**

(क) संयुक्त वाक्य (ख) मिश्र वाक्य
(ग) सरल वाक्य (घ) सरल एवं संयुक्त वाक्य

**8. जैसे-जैसे उम्र बढ़ती है, वैसे-वैसे समझ भी बढ़ती है—वाक्य रचना की दृष्टि से है** **दक्षता आधारित प्रश्न**

(क) मिश्र वाक्य (ख) संयुक्त वाक्य
(ग) सरल वाक्य (घ) निषेधात्मक वाक्य

**9. 'जब उसने तताँरा को देखा तो वह फूटकर रोने लगी।' इस वाक्य का सरल वाक्य होगा** **CBSE SQP 2022-23**

(क) तताँरा को देखते ही वह फूटकर रोने लगी।
(ख) तताँरा को देखकर वामीरो फूटकर रोने लगी।
(ग) वामीरो ने तताँरा को देखा और फूटकर रोने लगी।
(ग) जैसे ही वामीरो ने तताँरा को देखा वह फूटकर रोने लगी।

**10. निम्नलिखित वाक्यों में मिश्र वाक्य है** **दक्षता आधारित प्रश्न**

(क) मेरे और भाई साहब के बीच अब केवल एक दरजे का अंतर और रह गया
(ख) आखिर आदमी को कुछ तो अपनी पोजीशन का ख्याल रखना चाहिए

(ग) जब से माता जी ने प्रबंध अपने हाथ में ले लिया है, तब से घर में लक्ष्मी आ गई है

(घ) मेरे रहते तुम बेराह न चलने पाओगे

**11. 'उसने अपने आप को कभी पागल नहीं कहा' प्रस्तुत वाक्य का मिश्र वाक्य होगा** दक्षता आधारित प्रश्न

(क) उसने अपने आप को कभी नहीं कहा कि वह पागल है।

(ख) पागल नहीं कहा उसने कभी अपने आप को।

(ग) कभी पागल नहीं कहा, क्योंकि उसने अपने आप को।

(घ) उसने कभी नहीं कहा कि मैं पागल हूँ।

**12. 'नूह ने उसकी बात सुनी और दुःखी हो मुद्दत तक रोते रहे।' इस वाक्य का सरल वाक्य के रूप में रूपांतरित वाक्य है-** दक्षता आधारित प्रश्न

(क) जब नूह ने उसकी बात सुनी तब वे दुःखी हो गए और मुद्दत तक रोते रहे

(ख) नूह उसकी बात सुनकर दुःखी हो मुद्दत तक रोते रहे

(ग) नूह ने दुःखी होकर उसकी बात सुनी और मुद्दत तक रोते रहे

(घ) चूँकि नूह ने उसकी बात सुनी इसलिए वे दुःखी हो मुद्दत तक रोते रहे

**13. निम्नलिखित कथनों में सही कथन है** CBSE 2023

(क) संयुक्त वाक्य में एक प्रधान उपवाक्य के साथ आश्रित उपवाक्य होते हैं

(ख) संयुक्त वाक्यों में उसके प्रत्येक वाक्य का अपना स्वतंत्र अस्तित्व होता है

(ग) मिश्र वाक्य में उसके प्रत्येक वाक्य का अपना स्वतंत्र अस्तित्व होता है

(घ) सरल वाक्यों में उसके प्रत्येक वाक्य का अपना स्वतंत्र अस्तित्व होता है

**14. उन्हें दुनिया का हमसे ज्यादा तजुरबा है और रहेगा।' रचना के आधार पर वाक्य भेद है** CBSE SQP (Additional Set) 2023

(क) मिश्र वाक्य (ख) सरल वाक्य

(ग) संयुक्त वाक्य (घ) संयुक्त एवं सरल वाक्य

**15. 'हम जब अकेले पड़ते हैं, तब अपने आपसे लगातार बड़बड़ाते रहते हैं।' रचना के आधार पर वाक्य भेद है** CBSE SQP 2022-23

(क) सरल वाक्य (ख) संयुक्त वाक्य

(ग) मिश्रित वाक्य (घ) सामान्य वाक्य

**16. 'वामीरो और तताँरा को समझाने-बुझाने के कई प्रयास हुए, किंतु दोनों अडिग रहे'-रचना के आधार पर वाक्य भेद है** CBSE 2024

(क) सरल वाक्य (ख) संयुक्त वाक्य

(ग) मिश्र वाक्य (घ) साधारण वाक्य

**17. शायद राधा आए-का मिश्र वाक्य होगा**

(क) हो सकता है कि राधा आए (ख) राधा जरूर आएगी

(ग) राधा का आना तय है (घ) यद्यपि राधा आएगी

**18. 'आपके अच्छे कार्यक्रमों को सभी पसंद करते हैं।' दिए गए वाक्य का मिश्रित वाक्य होगा** CBSE SQP 2022

(क) आपके अच्छे कार्यक्रम सभी के पसंदीदा होते हैं।

(ख) जब कार्यक्रम होते ही अच्छे हैं, सभी पसंद करते ही हैं।

(ग) आपके कार्यक्रम इतने अच्छे होते हैं कि सभी पसंद करते हैं।

(घ) आपके कार्यक्रम इतने अच्छे हैं, इसलिए सभी को पसंद आते हैं।

**19. निम्नलिखित वाक्यों में सरल वाक्य का उदाहरण नहीं है** CBSE 2023

(क) तुमने तो अभी केवल एक दशक पार किया है

(ख) बटेर केवल एक ही बार हाथ लग सकती है

(ग) घंटे दो घंटे बाद निराशा के बादल

(घ) जैसा तजुरबा उन्हें है उसकी बराबरी नहीं हो सकती

**20. 'तताँरा की तलवार लोगों के लिए विलक्षण रहस्य थी।' इस वाक्य का मिश्र वाक्य होगा** CBSE 2024

(क) तताँरा के पास एक तलवार थी और वह लोगों के लिए विलक्षण रहस्य थी।

(ख) तताँरा की तलवार विलक्षण थी इसलिए वह लोगों के लिए रहस्य थी।

(ग) तताँरा के पास जो तलवार थी वह लोगों के लिए विलक्षण रहस्य थी।

(घ) तताँरा की विलक्षण तलवार लोगों के लिए एक रहस्य थी।

**21. निम्नलिखित वाक्यों में संयुक्त वाक्य है** CBSE Term I 2021

(क) संसार की रचना कैसे भी हुई हो, लेकिन धरती किसी एक की नहीं है

(ख) सहसा नारियल के झुरमुटों में उसे एक आकृति कुछ साफ हुई

(ग) बार-बार तताँरा का याचना भरा चेहरा उसकी आँखों में तैर जाता था

(घ) मेरे जीवन में यह पहली बार है कि मैं इस तरह से विचलित हुआ हूँ

**22. निम्नलिखित में संयुक्त वाक्य है** दक्षता आधारित प्रश्न

(क) जब वह वाचनालय जाएगा तब समाचार-पत्र पढ़ने लगेगा

(ख) वह वाचनालय जाने लगा, इसलिए समाचार-पत्र पढ़ने लगा

(ग) वह वाचनालय गया और समाचार-पत्र पढ़ने लगा

(घ) समाचार-पत्र पढ़ने के लिए वह वाचनालय जाने लगा

**23. 'जब से कानून भंग का काम शुरू हुआ है, तब से आज तक इतनी बड़ी सभा ऐसे मैदान में नहीं की गई थी।' रचना के आधार पर वाक्य भेद है** CBSE SQP 2023

(क) सरल वाक्य (ख) संयुक्त वाक्य

(ग) मिश्रित वाक्य (घ) सामान्य वाक्य

**24. निम्नलिखित में से उपयुक्त सरल वाक्य छाँटिए** CBSE SQP (Additional Set) 2023

(क) वर्सोवा में जहाँ आज मेरा घर है, पहले यहाँ दूर तक जंगल था।

(ख) शुद्ध सोना अलग है और गिन्नी का सोना अलग।

(ग) वैसे भी दिमाग की रफ़्तार हमेशा तेज़ हो रहती है।

(घ) अब वह भी मजे करता है और हम भी।

**25. निम्नलिखित वाक्यों में सरल वाक्य है** दक्षता आधारित प्रश्न

1. तताँरा को देखते ही वह फूटकर रोने लगी।
2. तताँरा को वामीरो ने देखा तो वह फूटकर रोने लगी।

# अभ्यास प्रश्न

बहुविकल्पीय व वर्णनात्मक प्रश्नों सहित

**1. निम्नलिखित प्रश्नों में दिए गए विकल्पों में से सही विकल्प छाँटिए**

**(ii) वाच्य के कितने भेद हैं?**

(क) चार (ख) तीन (ग) दो (घ) पाँच

**(iii) 'अध्यापक ने पाठ पढ़ाया' वाक्य में वाच्य है**

(क) कर्मवाच्य (ख) भाववाच्य (ग) कर्तृवाच्य (घ) ये सभी

**(iv) भाववाच्य में कौन-सी क्रिया प्रयुक्त होती है?**

(क) अकर्मक (ख) सकर्मक

(ग) पूर्वकालिक (घ) संयुक्त

**(v) 'हम इतना कष्ट नहीं सह सकते हैं' वाक्य में वाच्य है**

(क) कर्मवाच्य (ख) भाववाच्य

(ग) कर्तृवाच्य (घ) ये सभी

**(vi) 'सरकार शिक्षा पर बहुत खर्च करती है।' वाक्य में वाच्य है**

(क) भाववाच्य (ख) कर्मवाच्य

(ग) कर्तृवाच्य (घ) ये सभी

**(vii) 'क्या उनसे लिखा जाएगा?' वाक्य में वाच्य है**

(क) कर्मवाच्य (ख) कर्तृवाच्य

(ग) भाववाच्य (घ) ये सभी

**(viii) 'लड़कों के द्वारा खूब पढ़ा गया' वाक्य में वाच्य है**

(क) कर्मवाच्य (ख) कर्तृवाच्य

(ग) भाववाच्य (घ) ये सभी

**(ix) कर्मवाच्य में क्रिया का विधान ……… के अनुसार होता है।**

(क) कर्म (ख) कर्ता

(ग) भाव (घ) 'क' और 'ख' दोनों

**(x) 'सोहन के द्वारा कहानी लिखी गई।' यहाँ प्रयुक्त क्रिया पर कर्म ……… का प्रभाव है।**

(क) लिंग का (ख) वचन का (ग) पुरुष का (घ) ये सभी

**(xi) 'चलो' खेलने चला जाए, यहाँ क्रिया का विधान है ………।**

(क) कर्ता के अनुसार (ख) भाव के अनुसार

(ग) कर्म के अनुसार (घ) इनमें से कोई नहीं

( )

( )

( )